an>

Title: Need to take steps to check the menace of wild boars and Nilgai in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर): महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे शून्य काल में एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया।

महोदया, मेरा संसदीय चुनाव क्षेत्र छोटा उदयपुर गुजरात में है। मेरे चुनाव क्षेत्र में कुछ तहसील जैसे- संखेडा, डभोई, बोडेली, नांदोद, जैतपुर, पावी, जांबुघोडा जंगल से जुड़ी हुई हैं। वहाँ नील गाय और जंगली सुअर किसानों की खेती को बहुत बर्बाद करते हैं।

महोदया, किसान महँगी खाद, कीटनाशक दवाईयाँ डालकर फसल को तैयार करते हैं और अंत में जब जानवरों द्वारा बीज को नष्ट कर दिया जाता है तो किसान बेहाल हो जाता है।

महोदया, उक्त समस्या के निपटान के लिए मैं इस सदन के माध्यम से माँग करता हूँ कि केन्द्र सरकार एक नीति का निर्धारण करके इस समस्या के लिए आर्थिक मदद का प्रावधान करे और साथ ही साथ मैं यह भी माँग करता हूँ कि हमारे संसदीय क्षेत्र के जंगली सुअर और नील गाय को किसान के हित में स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरिट पी. सोलंकी और श्री नारणभाई काछड़िया अपने आपको श्री रामसिंह राठवा जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।